दिन– शुक्रवार दिनांक– 26 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और मादक पदार्थों की रोकथाम से जुड़ी एजेंसियों के प्रतिनिधि के साथ बैठक करेंगे।

02. केन्द्र सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को पश्चिम एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल किया। सभी प्रतिबंध हटाये।

03. पटना समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत। मौसम विभाग की आज कैमूर, भागलपुर, पूर्वी चम्पारण और कटिहार समेत उनतीस जिलों में बारिश की चेतावनी।

04. और, मुहर्रम की दसवीं तारीख आज यौम–ए–आशूरा के रूप में मनायी जा रही है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हो रहा है ताजिया और मातमी जुलूस का आयोजन।

---

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक होगी। बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और मादक पदार्थों की रोकथाम से जुड़ी एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। गृहमंत्री मादक पदार्थों के नियंत्रण पर दो हजार छब्बीस–उनतीस का दृष्टिपत्र जारी करेंगे। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय मेरा युवा भारत के माध्यम से आज राष्ट्रीय नशा मुक्ति प्रतियोगिता की शुरुआत करेगा। यह प्रतियोगिता नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर शुरू की जाएगी। विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत इसे आयोजित किया जा रहा है। देशभर के युवा इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में पन्द्रह जुलाई तक भाग ले सकेंगे।

---

केन्द्र सरकार ने औद्योगिक और वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए गैर–घरेलू पैक्ड एलपीजी की आपूर्ति पर सभी क्षेत्रीय प्रतिबंध हटा दिए हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

आपूर्ति को पश्चिम एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल कर दिया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि संकट के दौरान निलंबित थोक एलपीजी की आपूर्ति को पूर्व स्तर से पचास प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। इससे वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को राहत मिली है। यह बहाली एलपीजी आपूर्ति की स्थिति में हाल ही में हुए सुधार के बाद की गई है।

---

केन्द्र सरकार ने पासपोर्ट आवेदन शुल्क में बढ़ोतरी की है। अब छत्तीस पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने के लिए दो हजार पांच सौ रुपये शुल्क देना होगा। विदेश मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार पासपोर्ट संशोधन नियम दो हजार छब्बीस, पहली जुलाई से प्रभावी होंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

नई शुल्क संरचना के अंतर्गत तत्काल श्रेणी में छत्तीस पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने की लागत पांच हजार रुपये होगी। साठ पृष्ठों वाले साधारण पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने की लागत तीन हजार 500 रुपये होगी, और तत्काल श्रेणी के पासपोर्ट के लिए यह लागत 6 हजार रुपये होगी। वर्तमान में 36 पृष्ठों वाले पासपोर्ट की लागत 1 हजार 500 रुपये और 60 पृष्ठों वाले पासपोर्ट की लागत 2 हजार रुपये है। खोए या क्षतिग्रस्त 36 पृष्ठों वाले पासपोर्ट के बदले में नया सामान्य पासपोर्ट जारी कराने के लिए 5 हजार रुपये का शुल्क देना होगा। वहीं, खोए या क्षतिग्रस्त 60 पृष्ठों वाले पासपोर्ट के बदले में नया सामान्य पासपोर्ट जारी करने के लिए 6 हजार रुपये का शुल्क लिया जाएगा।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने उम्मीदवारों के लिए नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा की अनंतिम उत्तर कुंजी को चुनौती देने का विंडो खोल दिया है। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की यह परीक्षा इसी महीने इक्कीस तारीख को आयोजित हुई थी। एनटीए के अनुसाद उम्मीदवार अट्ठाईस तारीख तक प्रति प्रश्न दो सौ रुपये शुल्क देकर प्रश्नों को चुनौती दे सकते हैं। चुनौती स्वीकार होने पर यह शुल्क वापस कर दिया जाएगा। एनटीए ने पुनर्परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवारों के लिए शुल्क वापसी हेतु अपने बैंक खाते के विवरण की पुष्टि और उसे अद्यतन करने के लिए भी एक पोर्टल खोला है। बैंक विवरण इसी महीने की तीस तारीख तक अद्यतन किये जा सकते हैं।

---

नीट पुनर्परीक्षा के दौरान लखीसराय जिले के परीक्षा केन्द्रों पर हुये फर्जीवाड़े मामले की जांच के लिए आर्थिक अपराध इकाई ने बारह सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस टीम का नेतृत्व ईओयू के डीआईजी करेंगे। गौरतलब है कि नीट पुनर्परीक्षा के दौरान लखीसराय में अलग–अलग मामलों में तीस लोगों की गिरफ्तारी हुई है। वहीं, मद्य निषेध सिपाही बहाली परीक्षा में बेगूसराय और नवादा में फर्जीवाड़े मामले की जांच भी ईओयू करेगी।

---

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर नरेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद नाराजगी जाहिर की है। डॉक्टर सिंह के अनुसार विभाग ने कार्रवाई से पहले उनसे किसी प्रकार का स्पष्टीकरण नहीं मांगा। उन्होंने कहा है कि शारीरिक रूप से अस्वस्थ्य होने के कारण वे कॉलेज में उपस्थित नहीं हो सके थे। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर सिंह को बिना सूचना के

ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और अन्य कार्यों में लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर पीएमसीएच के स्त्री रोग एवं प्रसुति विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर गीता सिन्हा को कॉलेज के प्राचार्य का प्रभार दिया गया है।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने सदन की विभिन्न समितियों की कार्य प्रणाली में सुधार के लिए नये दिशा–निर्देश जारी किये हैं। इसके तहत राज्य के भीतर या बाहर स्थल अध्ययन पर जाने वाली सभी समितियों के साथ प्रतिनियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों को यात्रा के दौरान प्रति दिन रिपोर्ट तैयार करनी होगी।

---

पटना समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से आंशिक राहत मिली है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना, नालंदा, गया, बेगूसराय, नवादा, लखीसराय, जमुई, औरंगाबाद और अरवल जिले के कई प्रखंडों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि आज सुबह से ही इन स्थानों पर बादल छाये हुये हैं। मौसम विभाग के अनुसार इन स्थानों पर अगले दो से तीन घंटों के दौरान तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। विभाग ने बांका, कैमूर, भोजपुर, बक्सर, भागलपुर, दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, कटिहार, खगड़िया और मुजफ्फरपुर समेत उनतीस जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, पटना, नालंदा और गया समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में लू की चेतावनी जारी की है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, पटना, गयाजी, जीरादेई, बक्सर, शेखपुरा और वाल्मीकिनगर का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

---

केन्द्र सरकार ने नकली और घटिया दवाओं के प्रसार पर रोक लगाने के लिए दवाओं पर क्यूआर कोड या बार कोड लगाना अनिवार्य कर दिया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि सभी कैंसर रोधी दवाओं, टीके, मादक और मनोरोगी दवाओं पर क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य है। यह प्रावधान अगले वर्ष पहली जुलाई से लागू होंगे।

---

रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये पटना, अहमदाबाद और दानापुर–वलसाड समेत पांच जोड़ी विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाये हैं। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि डॉक्टर अम्बेदकर नगर–पटना स्पेशल अब तीस जुलाई तक, वलसाड–दानापुर स्पेशल सत्ताईस जुलाई तक और अहमदाबाद–पटना स्पेशल ट्रेन एक जुलाई तक चलेगी। इधर, रेलवे ने पटना–कोटा एक्सप्रेस को जौनपुर सिटी स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर ठहराव दिया है। यह ट्रेन शाम पांच बजकर इकतालीस मिनट पर जौनपुर सिटी स्टेशन पर पहुंचेगी।

---

मुहर्रम की आज दसवीं तारीख है। हजरत इमाम हुसैन और बहत्तर साथियों के शहादत की याद में योम–ए–आशूरा मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में ताजिया जुलूस और मातमी जुलूस का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल सय्यैद अता हसनैन ने अपने संदेश में कहा है मुहर्रम के अवसर पर हम हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों के कर्बला में दिये गये बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से पारंपरिक सद्भाव, शांति और भाईचारे की अपील की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुहर्रम के अवसर पर हजरत इमाम हुसैन को श्रद्धांजति अर्पित की है। उन्होंने कहा है कि उनकी शहादत हमें इंसानियत, त्याग और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

इधर, मुहर्रम को लेकर प्रदेशभर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पुलिस प्रशासन ने सभी थानों को जुलूस मार्ग पर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर निकलने वाले अलम और ताजिया जुलूस के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किये हैं। अरवल समेत विभिन्न ज़िलों में वरीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। पटना के फुलवारीशरीफ, पत्थर की मस्जिद, दानापुर और पटना सिटी समेत तीन सौ इक्यावन स्थानों पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। साथ ही जुलूस मार्ग और पहलाम स्थल के आस–पास अस्थायी पुलिस चौकी बनाया गया है। वहीं, पटना समेत अन्य जिलों में ताजिया जुलूस को देखते हुये यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

---

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के तारातला क्षेत्र में निर्माणाधीन गोदाम की छत गिरने से मुंगेर जिले के दो मजदूरों की मौत हो गयी। वहीं, पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि हादसे में एक युवक अब भी लापता है। मृतकों के शवों को पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से मुंगेर भेजा रहा है। गौरतलब

है कि इस हादसे में ग्यारह लोगों की मौत हुई है। मामले में गोदाम मालिक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

भारत और आयरलैंड के बीच आज से टी–ट्वेंटी अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला बेलफास्ट में शुरू हो रही है। श्रृंखला का पहला मैच भारतीय समयानुसार शाम छह बजे शुरू होगा। बिहार के वैभव सूर्यवंशी इस मैच से अपना डेब्यू कर सकते हैं। ऐसा होने की स्थिति में वैभव टीम इंडिया के लिए खेलने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन जायेंगे। उनकी उम्र अभी पन्द्रह साल नब्बे दिन है। भारत रविवार को आयरलैंड के खिलाफ दूसरा और अंतिम टी–ट्वेंटी अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले की न्यायिक जांच शुरू। बिलौटी पहुंची आयोग की टीम ने निष्पक्ष जांच का दिया भरोसा।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– हज दो हजार सत्ताईसः सोलह साल बाद पटना एयरपोर्ट से हज ऑपरेशन होगा। पहली बार सीधे जा सकेंगे, जेद्दाह और मदीना।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– वेनेजुएला में विनाशकारी भूकम्प से एक सौ अट्ठासी की मौत।

प्रभात खबर लिखता है– स्वास्थ्य मंत्री ने निरीक्षण के दौरान गायब रहे पीएमसीएच के प्राचार्य को हटाया।

राष्ट्रीय सागर ने लिखा है– एनसीईआरटी सिलेबस में इमरजेंसी सेक्शन जोड़ा गया, नौवीं कक्षा को पढ़ाया जायेगा।

आज अखबार की प्रमुख खबर है– शिक्षकों की तबादले के लिए नई नियमावाली लागू। सरकार ने जारी की अधिसूचना।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और मादक पदार्थों की रोकथाम से जुड़ी एजेंसियों के प्रतिनिधि के साथ बैठक करेंगे।
02. केन्द्र सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को पश्चिम एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल किया। सभी प्रतिबंध हटाये।

03. पटना समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत। मौसम विभाग की आज कैमूर, भागलपुर, पूर्वी चम्पारण और कटिहार समेत उनतीस जिलों में बारिश की चेतावनी।

04. और, मुहर्रम की दसवीं तारीख आज योम–ए–आशूरा के रूप में मनायी जा रही है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हो रहा है ताजिया और मातमी जुलूस का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।